प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 03.02.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. संसद के बजट सत्र का आज तीसरा दिन, लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा शुरू।

2. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा – 5 वर्ष में पांच लाख युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित करेगी राज्य सरकार।

3. चक्रधरपुर रेल डिवीजन में विकासात्मक कार्यों के कारण टाटानगर से चलने वाली कई ट्रेन प्रभावित, पांच फरवरी को कई रेलगाड़ियां रहेंगी रद्द ।

4. एनटीए ने जेईई मेन 2025 के अप्रैल सत्र के लिए ऑनलाइन आवेदन विंडो खोला, 25 फरवरी तक रजिस्ट्रेशन।

5. बसंत पंचमी पर देवघर में आज बाबा बैद्यनाथ का होगा तिलकोत्सव, बाबा को तिलक चढ़ाने के लिए मिथिला से कांवर लेकर पहुंचे श्रद्धालू।

*******************

संसद के बजट सत्र के तीसरे दिन आज से राष्टपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा शुरू हुई। लोकसभा में धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा जारी है । भाजपा सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने चर्चा की शुरूआत की । इससे पहले संसद की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्ष ने दोनों सदनों में महाकुंभ हादसे को लेकर हंगामा किया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन में प्रश्नकाल में नारेबाजी करने वाले विपक्षी दलों के सदस्यों से सदन को सुचारू रूप से चलाने की अपील की ।

*******************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि पांच वर्ष में राज्य सरकार पांच लाख युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित करेगी। इसके लिए पर्यटन उद्योग को बढ़ावा दिया जा रहा है। दुमका के गांधी मैदान में झारखंड मुक्ति मोर्चा के 46वें स्थापना दिवस पर आयोजित रैली को संबोधित करते हुए श्री सोरेन ने केन्द्र से बकाया रॉयल्टी भुगतान के लिए संसद से सड़क तक संघर्ष करने की बात कहीं। उन्होंने केंद्रीय बजट में झारखंड की उपेक्षा किए जाने का भी आरोप लगाया। जेएमएम के स्थापना दिवस समारोह में पार्टी ने 50 प्रस्ताव पारित किया। इनमें केंद्र सरकार से झारखंड की रॉयल्टी हासिल करने के लिए संघर्ष करने, 1932 के खतियान के आधार पर स्थानीयता नीति लागू करने, एसपीटी और सीएनटी एक्ट को सख्ती से लागू करने जैसे मुद्दे शामिल हैं।

*******************

धनबाद के गोल्फ ग्राउंड में कल झारखंड मुक्ति मोर्चा का 53वां स्थापना दिवस समारोह मनाया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारियां अंतिम चरण में हैं।

*******************

राज्य के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के मंत्री चमरा लिंडा गुमला के सिरसी गांव में जनजातीय समुदाय के धार्मिक स्थल सिरसी – ता –नाले कोकड़ो लता में आयोजित राजकीय समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे । मंत्री के गुमला पहुंचने पर जिला उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी और पुलिस अधीक्षक शम्भु कुमार सिंह ने परिसदन भवन में स्वागत किया ।

*******************

. नेशनल टेस्टिंग एजेंसी–एनटीए ने जेइइ मेन 2025 अप्रैल सत्र के लिए ऑनलाइन आवेदन विंडो खोल दिया है। जो उम्मीदवार इस परीक्षा में शामिल होना चाहते हैं, वे वेबसाइट जी मेन डॉट एनटीए डॉट इन पर जाकर 25 फरवरी तक आवेदन कर सकते हैं.

*******************

चक्रधरपुर रेल डिवीजन में विकासात्मक कार्यों के कारण टाटानगर से चलने वाली कई ट्रेन प्रभावित है । रविवार को कल आधा दर्जन ट्रेन रद्द रहीं, वहीं 5 फरवरी को भी कई दर्जन रेलगाड़ियों का परिचालन रद्द रहेगा। इन ट्रेनों में टाटा–हटिया–टाटा एक्सप्रेस,बिलासपुर–टाटा एक्सप्रेस,टाटा–बरकाकाना–टाटा एक्सप्रेस मुख्य रूप से शामिल है।

*******************

लातेहार जिले के बालूमाथ थाना क्षेत्र से पुलिस ने पांच अपराधियों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। इनके पास तीन बंदूक और 13 गोलियां समेत कई अन्य सामान बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने बताया कि सभी अपराधी एक कोयला व्यवसायी पर फायरिंग करने की योजना बना रहे थे।

*******************

भारत ने टी–20 क्रिकेट में कल रात श्रृंखला के पांचवें और अंतिम मैच में इंग्लैंड को 150 रन से हरा कर पांच मैचों की श्रृंखला 4–1 से जीत ली।

*******************

बाबानगरी देवघर में आज बसंत पंचमी के दिन बाबा बैद्यनाथ का तिलकोत्सव होगा। बाबा को तिलक चढ़ाने के लिए मिथिला से तिलकहरुए बड़े–बड़े कांवर लेकर बाबाधाम पहुंच चुके हैं।

*******************

राज्य समेत देशभर में वसंत पंचमी श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई जा रही है। राज्य में शिक्षण स्थानों समेत कई जगहों पर आकर्षक पूजा पंडाल बनाए गए हैं और पूजा अर्चना की जा रही है। वहीं उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में बसंत पंचमी के अवसर पर महाकुंभ का तीसरा अमृत स्नान जारी है।

*******************

झारखंड में चार और पांच फरवरी को बादल छाये रहेंगे। मौसम विभाग के अनुसार राज्य के उत्तरी और मध्यवर्ती जिलों रांची, बोकारो, गुमला, हजारीबाग, खूंटी, रामगढ तथा उत्तरी जिलों देवघर, धनबाद, दुमका, गिरडीह, गोडडा , जामताडा, पाकुड़, तथा साहेबगंज में आंशिक बादल छाए रहेंगे। फिलहाल तापमान में कोई विशेष बदलाव नहीं होगा। हालांकि लोगों को अभी शाम सुबह में ठंड का एहसास होगा। रांची मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि राज्य में फिलहाल हल्की ठंड रहेगी। इसलिए लोगों को सावधान रहने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि अगले दो दिन कई जिलों में आंशिक बदल छाये रहेंगे, जिसके बाद तापमान में 1 से 2 डिग्री का उतार चढाव देखने को मिलेगा।

*******************